हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 केंद्रीय कृषि मंत्री ने विधायक को दिया रास्ता...



08 प्रायवेट अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ...



## खबर संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा अमले ने किया निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल के निर्देश पर लटेरी की विभिन्न दुकानों का खाद्य सुरक्षा अमले द्वारा निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे नियमानुसार खाद्य लाइसेंस लेकर ही व्यवसाय करें। लटेरी के पुराने शहर स्थित अजीम किराना दुकान से चावल एवं रवा के नमूने लिए गए। जिन्हें परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई।

### दिव्यांगता स्केनिग शिविर आज से शुरू

**विदिशा।** विकासखंडवार दिव्यांगता स्केनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में चिकित्सीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जा सकेंगे। सिरोंज में शिविर 15 अक्टूबर को विदिशा में 17 अक्टूबर को शिविर ग्राम पंचायत भवन खामखेड़ा कस्बा में तथा जनपद पंचायत नटेरन व नगर परिषद शमशाबाद का एकजाई शिविर 18 अक्टूबर को शमशाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तथा जनपद पंचायत व नगरपालिका विदिशा का संयुक्त शिविर 23 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय विदिशा में लगेगा।

### महाराजा अग्रसेन जयंती 22 सितंबर को

**विदिशा।** महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती 22 सितंबर सोमवार को मनाई जाएगी। आयोजन का शुभारंभ 18 सितंबर गुरूवार को गौ सेवा से होगा, जिसके तहत गोपालकृष्ण गौशाला में गौ पूजन कर घास खिलाया जाएगा। शुक्रवार 19 सितंबर को सुबह 11 बजे कच्छी धर्मशाला में गरीब निःशक्तजनों, 20 सितंबर को शहनाई गार्डन में समाज के बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। रविवार 21 सितंबर को शाम 7 बजे से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस कॉम्पटीशन होगा। महाराजा अग्रसेन जयंती का मुख्य आयोजन 22 सितंबर सोमवार को शहनाई गार्डन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर को

**विदिशा।** 20 सितम्बर को जिला पुरातत्व संग्रहालय में अतीत के शक्ति स्पंदन को वर्तमान शक्तिशाली भारत की अवधारणा के साथ जोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तीन वर्गों में प्रतिभागी होगे, प्रथम वर्ग में प्राथमिक कथा 3 से कक्षा 5 तक, द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 वी से कक्षा 8 वीं तक, तृतीय वर्ग में कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाना है। उक्त प्रतियोगिता हेतु 20 सितम्बर को सुबह 11 बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक समाप्त होगी। इस आयोजन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर 18 सितम्बर की सुबह 11 बजे से बाद 2 बजे तक सूची सहित अथवा सम्पर्क मोबाइल नंबर में व्हाटस अप पर भेजना सुनिश्चित करें।

### हीरालाल शिल्पी बने प्रदेश अध्यक्ष

**विदिशा।** रविवार देर रात सतगुरु इंटरप्राइजेज में शिल्पकार सिलावट समाज सेवा एवं जन कल्याण समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान समाज के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सर्वसम्मति से हीरालाल शिल्पी (बाड़ी) को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। सभी सदस्यों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई दी। बैठक में अध्यक्ष से जल्द से जल्द विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने का आग्रह भी किया गया। इस मौके पर समाज के मार्गदर्शक ग्यारसी लाल शिल्पी ने समिति को हर वर्ष 11 हजार रुपए देने का संकल्प लिया।

## भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# पहले नीमताल पर धरना दिया, फिर रैली लेकर कलेक्टर को बर्बाद फसलें दिखाने पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय किसान संघ ने नीमताल स्थित गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। जहां किसान नेताओं ने आमसभा में किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया।

बीमा राशि, खाद, मुआवजा और फसल खरीदी से जुड़ी परेशानियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन के नेतृत्व में किसानों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। भगवान बलराम जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों ने बीमा में प्रीमियम से भी कम राशि मिलने और अतिवृष्टि से खरीफ फसलों के नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की। किसानों ने कलेक्टर को बर्बाद फसलों की स्थिति से भी अवगत कराया।



**विदिशा।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन।

### कृषि मंडी परिसर में ही हो नीलामी

किसान संघ ने कृषि मंडियों में धर्मकांटे से उपज तौलने और नीलामी व भुगतान मंडी परिसर में ही कराने की मांग की। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए और धान का 3500 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग भी रखी गई। मुख्यमंत्री ट्रांसफॉर्मर अनुदान योजना को पुनः शुरू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। कलेक्टर ने ज्ञापन को शासन तक पहुंचाने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## नहीं थम रहा नपा में घमासान नगरीय राजस्व मंत्री से शिकायत



**विदिशा।** मंत्री को ज्ञापन देकर शिकायत करतीं हुईं नपा की महिला पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका में भाजपा पार्षदों ने नगरपालिका विदिशा में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए नगरीय आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को ज्ञापन सौंपा।

पार्षदों का कहना है कि पिछले तीन सालों से विदिशा की नगरपालिका के कामों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस कारण शहर की सड़कों की मरम्मत तक नहीं हो पाई और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### इन कार्यों की शिकायत


ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 35 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों में घटिया कार्य सहित संजय शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान आवंटन का मामला उठाया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद अरुणा मांझी, रानू संतोष शर्मा, अनीता अहिरवार, रौशनी सूरज किरार, संतोष पेंटर, शिवानी शैलेंद्र सिरवैया, नवीन दांगी, चंद्रपाल दांगी, सोनल अहिरवार, अशोक जाट सहित अन्य पार्षदगण एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

### इधरः अरुणा मांझी पर नपा दुकान लेने का आरोप

नगरपालिका में वार्ड नंबर एक की पार्षद अरुणा मांझी पर पार्षद पद का दुरुपयोग कर अपने पति के नाम से पीतलमिल स्थित नगरपालिका की दुकान 7 अक्टूबर 2023 अपने पति सरकारी डॉक्टर पीसी मांझी के नाम पर लेने का आरोप लगाया गया है। कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा गया है कि दुकान नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 41 के अंतर्गत पार्षद पद का दुरुपयोग कर ली गई है। जिसकी जांच कर पार्षद पर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन पर पार्षदों के भी हस्ताक्षर हैं। यह शिकायत आवेदक सहित वार्ड पार्षदों के द्वारा कीक गई है।

## विधायक टंडन ने सीएम मोहन यादव को ज्ञापन सौंप विदिशा में हवाई पट्टी बनाने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को विधायक मुकेश टंडन ने सीएम मोहन यादव और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर विदिशा विधानसभा के विकास के मांग पत्र सौंपा।

इसमें उदयगिरी गुफओं का पर्यटन हेरिटेज सर्किट के रूप में विकास- सड़क एवं पार्किंग सुधार, इंटरप्रिटेशन सेंटर, लाइट एंड साउंड शो और पर्यटक सुविधायें स्थापित कर इसे सांची विदिशा हेरिटेज सर्किट से जोड़ने की मांग की गई है। वहीं जिले को हवाई संपर्क से जोड़कर पर्यटन, व्यापार एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को गति देने की मांग की गई है। वहीं पुराना जिला अस्पताल भवन नगर पालिका को हस्तांतरित करने, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण, एथलेटिक्स ट्रेक, स्विमिंग पूल, इंडोर स्टेडियम व प्रशिक्षण सुविधाओं सहित आधुनिक खेल परिसर स्थापित करने, विदिशा अहमदपुर सड़क निर्माण हेतु बजट उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इससे 85 गांवों को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण हो सकेगा। वहीं भोपाल विदिशा राज्य मार्ग को फोरलेन मार्ग निर्माण की स्वीकृति अतिशीघ्र प्रदान करने मांग की है।

## सचिव-रोजगार सहायकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले की सभी पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सचिव संगठन के संभाग मीडिया प्रभारी राजकुमार प्रजापति ने बताया कि सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सीएम हेल्पलाइन की झूठी शिकायतों से एवं मांग आधारित शिकायत से अधिक परेशान हो गए हैं। जिसके चलते सरकार की अन्य महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं का कार्य ही नहीं कर पा रहे हैं। आए दिन जनपद पंचायतों से सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों की वेतन काटने की कार्रवाई की जा रही है। जबकि ग्राम के कुछ शरारती यह शिकायतें आए दिन करते हैं। जो निराधार होती हैं। जिसके कारण सचिव और रोजगार सहायकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



## सतर्कता से नाकाम हुई चोरी, दो बाइक चुराते धराए चोर, वाहन छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गल्ला मंडी रोड पर स्थित डॉक्टर आशीष जैन के घर के पास से चोर दो बाइक चुराने की कोशिश में थे। रात करीब ढाई बजे अर्चित जैन को बाहर से आवाज सुनाई दी। जब उसने बाहर जाकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी।

### अर्चित ने पीछा किया, चोर बाइक छोड़कर भागे

अर्चित तुरंत गली में पहुंचा। वहां उसने देखा कि दो युवक उसकी बाइक के साथ एक और बाइक लेकर जा रहे हैं। अर्चित ने हिम्मत दिखाते हुए चोरों का पीछा किया। चोर घबराकर दोनों बाइकें छोड़कर भाग निकले। अर्चित की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग भी जाग गए। देर रात तक चोरों की तलाश की गई, लेकिन वे नहीं मिले। चोर एक हीरो होंडा स्प्लेंडर और एक सुजुकी बाइक चुराने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पहले भी दो बार चोरी की कोशिश हो चुकी है। मोहल्लेवासियों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। लोगों ने अब रात्रि चौकसी की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन आवेदनों पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग रैंकिंग सूची जारी होने में मात्र पांच दिन बचे हैं।

इस अवधि में हरेक विभाग अपने वेस्ट प्रदर्शन को दर्शाते हुए जिले को टॉप फाइव सूची में शामिल हो सकें इसके लिए संतुष्टिपूर्वक समाधान पर विशेष बल दें। आवश्यकता पड़ने पर आवेदकों से वन टू वन चर्चा करें। उन्होंने सभी एसडीएमो को भी अनुविभाग स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु पूर्वानुसार शिविर आयोजित कर सभी विभागो के आवेदनो के निराकरणो की पहल करें। सीएम हेल्पलाइन के तहत अगस्त माह की कुल दर्ज 11 हजार 743 शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण कराया जाना है। सीएम हेल्पलाइन की जारी रैंकिंग सूची में विदिशा चैबीसवें स्थान पर है।



### 1 महीने से नहीं मिला मेगा मार्ट कर्मचारी एसपी से ढूंढने की अपील


**विदिशा।** एक युवक के एक महीने से लापता होने का मामला सामने आया है। रायसेन जिले के बैजाखेड़ी निवासी सुमित मीणा (22) विदिशा के विशाल मेगा मार्ट में काम करता था। 14 अगस्त की रात करीब 9 बजे वह ड्यूटी खत्म कर स्टेशन की ओर निकला था। इसी दौरान उसका मोबाइल बंद हो गया। तब से उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिवार ने 15 अगस्त की रात विदिशा देहात थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को सुमित के परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे और लिखित ज्ञापन सौंपा। पिता सेवासम मीणा ने बताया कि एक महीने से बेटे की तलाश में भटक रहे हैं। पुलिस की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है।

## स्प्रिंगफील्ड की वर्णिका राज्य अकादमी के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूलकी कक्षा 10 की छात्रा वर्णिका सिंह चौहान का चयन मप्र इक्वेस्ट्रियन अकादमी भोपाल में हुआ है। जहां वह अपने घुड़सवारी कैरियर को आगे बढ़ाएंगी। यह प्रतिष्ठित अकादमी विद्यार्थियों को घुड़सवारी के तीन मुख्य इवेंट्स इवेंटिंग, शो जंपिंग और ड्रेसाज में पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करती है।

चयन प्रक्रिया दो चरणों में हुई। पहला शारीरिक क्षमता परीक्षण और दूसरा घुड़सवारी ट्रायल जिसमें शो जंपिंग शामिल था। वर्णिका ने दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अकादमी में स्थान प्राप्त किया। अब उन्हें भारत के सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार, एशियाई खेलों के पदक विजेता और श्रेष्ठ प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिन्होंने स्वयं चयन प्रक्रिया की निगरानी की। ट्रायल से पहले स्प्रिंगफील्ड स्कूल में छात्रों को व्यवस्थित प्रशिक्षण कोच अर्जुन खरे के मार्गदर्शन में दिया गया। उनके अथक प्रयासों से तीन विद्यार्थियों ने ट्रायल में भाग लिया। इनमें से दो छात्र चयनित हुए, जिनमें वर्णिका सिंह चौहान भी शामिल हैं, जबकि कार्तिक राणा प्रतीक्षा सूची में हैं। चेयरमैन योगेन्द्र राणा, निदेशक मीनल राणा, निदेशक करण राणा और प्राचार्य विनय अग्रवाल ने वर्णिका को बधाई दी है।




## 25 साल पुराने पटवारी आवासी अनदेखी के चलते हो रहे खंडहर

### 10 साल से नहीं हुई मरम्मत, पटवारी जेब से कर रहे सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

पटवारियों के रहने के शासन द्वारा लिए करीब 25 वर्ष पहले बनाए गए आवासीय क्वार्टर अब बदहाली की कगार पर पहुंच चुके हैं। पिछले 10 वर्षों से न तो इनकी मरम्मत हुई है और न ही पुताई, जिसके चलते भवन जर्जर हालत में तब्दील हो रहे हैं।

10 वर्ष से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते न कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया न कराई गई पुताई नतीजा है कि जगह-जगह अब दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत से प्लास्टर झड़ रहा है और बारिश के दिनों में पानी टपकना आम समस्या बन गई है। शौचालय का सेप्टिक टैंक भी टूटा पड़ा है। न ही पीने के पानी की व्यवस्था है। पटवारियों को कैम्पर मंगाने पड़ते हैं। हेंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है। मजबूरी में कुछ महिला पटवारियों को किराए का मकान लेकर रहना पड़ रहा है।



### अवगत कराया है

हमने पहले भी इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया है, अब फिर से भवन की मरम्मत व पुताई के लिए विभाग को पत्र के माध्यम से अवगत कराएंगे। - **अजय प्रताप सिंह,** एसडीएम

### खंडहर हो जाएंगे

10 वर्ष से न ही कोई मरम्मत हुई न पुताई यदि समय रहते भवन की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया, तो ये भवन पूरी तरह से खंडहर हो जाएंगे।
- **वीरेन्द्र मीणा,** अध्यक्ष पटवारी संघ

## प्रांत छात्रा सम्मेलन कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा निकाली गई

# प्रांत की छात्राओं ने निकाली रैली, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रांत छात्रा सम्मेलन कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में शामिल प्रांत छात्राओं का नीमताल पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी द्वारा छात्राओं को तिलक एवं पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामबाई लाखन सिंह कुशवाह और किरण चन्द्र मोहन मीना भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शोभायात्रा में शामिल छात्राओं ने अपने उत्साह और जोश के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के इस कार्यक्रम ने छात्राओं को एक मंच प्रदान किया और उनके नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल को विकसित करने में मदद की।



**विदिशा।** रैली निकालकर विद्यार्थियों ने दिया एकता का परिचय।



**विदिशा।** जिपं अध्यक्ष ने विद्यार्थियों की रैली का किया जोरदार स्वागत।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3371
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2500
उच्चतम भाव- 2756
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2550
चना
न्यूनतम भाव-3510
उच्चतम भाव-5930
मसूर
न्यूनतम भाव-4470
उच्चतम भाव-7900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3261
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2180
उच्चतम भाव-4466
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7500
मूंग
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव- 7101
तुअर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 6260
धान
न्यूनतम भाव-1110
उच्चतम भाव-2650
धनिया
न्यूनतम भाव-6005
उच्चतम भाव- 6710
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव- 3040

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 10858 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# गड्ढों में तब्दील हुई गोकुल धाम पहुंचने वाली सड़क, लोगों में आक्रोष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



यह वह कालोनी है जहां हजारों परिवार रह रहे हैं उनकी आने जाने का यह मुख्य रास्ता वैसे तो शहर में है। लेकिन अभी भी इसे गांव का तमगा मिला हुआ है क्योंकि परिसीमन ना होने के कारण यह मार्ग नगर पालिका में नहीं आता है। इसलिए इस रोड को कोई देखने वाला ही नहीं है। इस रोड में तालाब नुमा जो गड्ढे दिख रहे हैं, इसके नीचे बाकायदा प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत सीसी रोड डाला हुआ है सीसी रोड कितना अच्छा डाला होगा, आप तालाब नुमा विशाल गड्ढे से अनुमान लगा सकते हैं क्योंकि यह सड़क बहलोट बाईपास मुख्य मार्ग से ग्राम परसोरा के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत कुछ वर्षों पहले बनाई गई थी। जब सड़क बनी थी उसी समय योजना अंतर्गत इस मार्ग पर सीसीकरण हुआ था। इस चित्र में आप देखकर यह अंदाजा लगा सकते हैं कि इसके नीचे सीसी सड़क होगी। वह सड़क कितनी घटिया स्तर से डाली होगी। इसका अंदाज आने जाने वाले राहगीर को देखकर लग रहा है। बस्ती काफी बस गई है यहां दिन भर में सैकड़ों वाहन चालक इधर-उधर आते जाते हैं लेकिन प्रशासन द्वारा बनाई गई सड़क कहीं नहीं दिखाई दे रही है। पूरे मार्ग पर इतने गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं कि उसे मार्ग पर चलना ही मुश्किल है। वहां रहने वाले किराने की दुकान संचालित कर रहे दीपक और महेश विश्वकर्मा बताते हैं कि सरकारी महकमे के उन जिम्मेदार अधिकारियों को इस सड़क की जानकारी ना होना यह बड़े अजूबे जैसी बात है। यह सड़क को अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रही है। गोकुलधाम जाने वाले मार्ग पर शुरू से ही इतने गड्ढे हैं कि वहां तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के लोगों और ग्रामीणजनों खास तौर से दिन भर आने-जाने वाले लोग काफी परेशान होते हैं। परेशान अब सडक की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने का मन बना चुके हैं।

## वार्ड क्रमांक 1,2,3 के रहवासी कर रहे हैं रास्ता खुलवाने की मांग

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने विधायक को दिया रास्ता खुलवाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और रेलवे की बाउंड्री के कारण वार्ड 1,2,3 के बंद हुए रास्ते को खुलवाने के लिए आवेदन दिया। विधायक ने बताया कि इन तीनों वार्डों में करीब 16 हजार नागरिक निवास करते हैं विगत वर्ष रेल्वे ने बाउंड्री बना कर रास्ता बंद कर दिया है जिसके कारण नागरिकों को घूम कर निकलना पड़ता है। न ही वार्डों में एम्बुलेंस आ पाती है न ही कोई बड़ा वाहन आ पता है जिसके कारण नागरिकों को बड़ी असुविधा होती है। विधायक रघुवंशी आवेदन पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं स्वयं रेल मंत्री से पूरे मामले में चर्चा करूंगा। उन्होंने विधायक रघुवंशी को पूरे मामले का निराकरण करवाने और रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि विगत माह विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने वार्ड में पहुंचकर रेल्वे के अधिकारियों से भी चर्चा की थी विधायक बोले कि जनता के हित के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा।

### विधायक ने यह दिया आवेदन

नपा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-1, 2 एवं 3 जो कि रेल्वे स्टेशन के नजदीक आते हैं, इन वार्डो में लगभग 16 हजार नागरिक निवास करते हैं। रेल्वे द्वारा बाऊड्रीवॉल बनाए जाने के कारण मुख्य मार्ग से वार्ड क्रमांक-1 व 2 में जाने के लिए पर्याप्त रास्ता नहीं बचा है, जहाँ से बडे वाहन एवं एम्बूलेन्स वार्ड में पहुँच सकें। साथ ही इन वार्डो के नागरिकों को स्टेशन आने के लिए घूमकर रास्ता तय करना पड़ता है, यदि पुरानी कल्हारी वाली गली के यहाँ जो सायकिल स्टेण्ड के पास बाऊड्रीवॉल को रेल्वे द्वारा खोल दिया जाए तो इन वार्डो में रहने वाले सभी नागरिकों को आसानी होगी। रहवासियों द्वारा मुख्य सड़क व बस्ती के मध्य रेल्वे स्टेशन आने वाले मार्ग के संबन्ध में ज्ञापन भी दिया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया गया है कि वार्ड क्रमांक-1, 2 व 3 के रहवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जनहित में पुरानी कल्हारी वाली गली सायकिल स्टेण्ड के पास वाले रास्ते को खुलवाने की कृपा करें।

## शिक्षकगणों का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को भारतीय जैन संगठना के द्वारा शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य करने वाले गुरुजनों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। मूलीबाई मेहता धर्मशाला में आयोजित उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रोफेसर अशोक गांधी ,पूर्व प्राचार्य इंदीवर जैन, एडवोकेट पदम बाबू जैन, रतन बाई जैन स्कूल की डायरेक्टर माधुरी बेन शाह, डॉ. आराधना जैन, राइजिंग पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर गौरव समैया मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी अपने अध्यापन कार्यकाल के अनुभव साझा किये एवं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का पद सबसे ऊपर रहता है। गुरु ही हमारे भावी जीवन का निर्माण करते हैं। उनका ऋण कभी भी चुकाया नहीं जा सकता। एक सफल विकसित और श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में योग्य शिक्षकों की महती भूमिका रहती है। इस मौके पर अनिल ओसवाल, प्रदीप जैन, पंकज जैन, चक्रेश जैन, विकास जैन, शिरीष जालोरी, रविंद्र जैन ,दीपक गाँधी, अलका ओसवाल ,रश्मि जैन, कल्पना बैसाखिया ,प्रतिभा जैन, मिनाली ओसवाल ,ममता जालोरी, मिली बैसाखिया आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कई माह से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट



**गंज बासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी है। जिससे लोगों को अंधेरे के कारण परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है, जिससे रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी गलियों के किनारे खड़े रहते हैं और आने जाने लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। वहीं इस मार्ग से होकर जाने वाले पैदल राहगीरों, वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत वार्डवासी कई बार नपा के विद्युत ठेकेदार से कर चुके हैं, लेकिन अभी तक स्ट्रीट लाइट को चालू नहीं किया गया है।

### श्री शीतला शक्ति धाम में नवरात्रि की तैयारी शुरू



**गंजबासौदा।** श्री शीतला शक्ति धाम पर शारदीय नवरात्रि महापर्व का आयोजन 22 सितंबर, सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए एकत्रित होंगे। श्री शीतला शक्ति धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महापर्व के दौरान 22 सितंबर सोमवार को घट स्थापना होगी। 27 सितंबर, शनिवार को रात्रि 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 28 सितंबर को रात्रि 12 बजे भैरव बाबा की आरती संपन्न होगी। 30 सितंबर, मंगलवार को अष्टमी पर रात्रि 8 बजे महाआरती की जाएगी। 1 अक्टूबर बुधवार को नवमी पर कन्याभोज एवं हवन की पूर्णाहुति होगी। 2 अक्टूबर, गुरुवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह का मंच बनाकर पूजन किया जाएगा। श्री शीतला शक्ति धाम सेवा समिति के प्रवक्ता राजीव सक्सैना ने बताया कि इस वर्ष माता रानी हाथी पर सवार होकर आ रही हैं।

### मेंटेनेंस के बाद भी हो रही अघोषित कटौती

गंजबासौदा। नगर में विद्युत कंपनी की कार्यप्रणाली के चलते उपभोक्ता और आम नागरिक काफी परेशान हो रहे हैं। कंपनी द्वारा बार बार मेंटेनेंस के नाम पर घंटों तक विद्युत आपूर्ति बंद रहती है, लेकिन इस मेंटेनेंस के बाद भी अघोषित रूप से विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड रही है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिन से विद्युत कंपनी द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर अलग अलग क्षेत्रों में चार चार घंटों तक विद्युत प्रदाय बाधित किया गया था। जिससे लोगों को बारिश के दौरान विद्युत कटौती न होने की उम्मीद बढ गई थी, लेकिन सोमवार को दोपहर में बिना बारिश के ही अघोषित कटौती कर दी गई और बारिश शुरू होने के बाद रात तक कई बार घंटों तक कटौती से लोग परेशान होते रहे। लोगों का कहना है कि नियमित मेंटेनेंस किया जा रहा है तो बार बार फाल्ट के नाम पर अघोषित कटौती क्यों की जाती है।

# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पिछले कुछ दिनों से बारिश के आसार बनने के बाद सोमवार को आखिरकार बादल झूमकर बरस पडे। नगर सहित इलाके भर में हुई जोरदार बारिश से जहां नागरिकों को उमस एवं गर्मी से राहत मिल गई है, वहीं किसानों को भी फसलों को लेकर चिंता कम हो गई है। दूसरी ओर अच्छी बारिश से इलाके में बरसात का आंकडा भी औसत बारिश के करीब पहुंचने लगा है। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में औसत बारिश करीब 1 हजार मिमी के आसपास होती है। जबकि इस वर्ष गत दिवस तक 949 मिमी पानी बरस चुका था। पिछले कुछ दिनों से इलाके में तेज धूप निकल रही थी और आसमान पर बादल भी छा रहे थे,लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। जिससे उमस और गर्मी से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड रहा था।

वहीं किसान भी अपनी सोयाबीन, धान की फसलों को लेकर चिंतित हो रहे थे। हांलाकि मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों और भारतीय मौसम विभाग ने 10 सितंबर के बाद से अच्छी बारिश के संकेत दिए थे, लेकिन इलाके में पानी न बरसने से किसान और नागरिक परेशान हो रहे थे। किसानों का कहना था कि इन दिनों सोयाबीन की अधिकांश फसलों में फली आ गई हैं और उनमें दाना भर रहा है। ऐसे में बारिश न होने से दाना छोटा रहने और झिरी पडने की संभावना बढ रही थी। साथ ही फसल में कीट व्याधियां भी बढ रही थीं। जिनसे बचाव के लिए किसान बारिश न होने के कारण कीटनाशकों का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। दूसरी ओर धान की फसल को भी अब पानी की जरूरत पड रही थी। ऐसे में सक्षम किसानों ने तो अपने नलकूप,तालाब, कुंओं और नदियों से धान के गडों को भरना शुरू कर दिया था, लेकिन शेष किसान बारिश पर ही निर्भर थे। इस कारण वे परेशान हो रहे थे और अच्छी बारिश होने की कामना कर रहे थे।

हांलाकि प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी सुबह से तेज धूप निकली और गर्मी एवं उमस बनी रही, लेकिन दोपहर बाद अचानक से मौसम में बदलाव आया और आसमान पर गहराए बादलों से तेज गरज चमक के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। इस दौरान नगर के अलावा आसपास के पूरे क्षेत्र में कहीं ज्यादा तो कहीं कम समय के लिए अच्छी बारिश हुई। इसके बाद शाम को एक बार फिर मौसम बदला और फिर से तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया जो खबर लिखे जाने तक रह रहकर जारी है। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने इलाके में बारिश का यह दौर आगामी 21 सितंबर तक इसी तरह जारी रहने के संकेत दिए हैं। इसके बाद 25 सितंबर से बारिश का एक और दौर शुरू होने का पूर्वानुमान है।

## बाइक सवार हुआ गिरकर घायल



**त्योंदा।** सोमवार को त्योंदा तहसील के अंतर्गत नयागांव रोड पर एक बाइक सवार बाइक से गिर गया। जिसे 112 पुलिस वाहन द्वारा उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। घायल व्यक्ति बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती है।

### आरोपियों का नहीं लगा सुराग, पुलिस जुटी जांच में

गंजबासौदा। नगर में पिछले मंगलवार को मंडी व्यापारी के कर्मचारी से हुए लूट के प्रयास के आरोपियों और शनिवार-रविवार की रात रेलवे स्टेशन पर हुई युवक की हत्या के आरोपियों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। ये दोनों ही मामले बेहद सनसनीखेज हैं और पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। हांलाकि पुलिस इन मामलों में अभी तक जांच चलने की बात कह रही है।इनमें से एक मामला कोतवाली थानांतर्गत है। जिसमें मंडी व्यापारी के कर्मचारी से दिन दहाडे 15 लाख रूपए लूटने की कोशिश की गई थी। इस मामले में टीआई संजय बेदिया का कहना है कि इस घटना के बाद सीसी टीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। साथ ही कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है। शीघ्र आरोपी पकड लिए जाएंगे। वहीं दूसरा मामला जीआरपी के अंतर्गत है। जिसमें अज्ञात बदमाशों ने प्लेटफार्म पर सो रहे बाबा नुमा युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में जीआरपी टीआई महेन्द्र शाक्य ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

## शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# हिंदी पखवाड़ा के तहत काव्य पाठ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेरा भारत युवा भारत के तत्वावधान में सावित्री महिला मंडल एवं ख्याल अपना के सहयोग से हिंदी काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमनलता गुप्ता, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ विजय शाक्य, डॉ बीके प्रजापति, डॉ. कंचन वैद्य, घनश्याम चौकसे, मनीष दुबे एवं प्रभारी शिवानी गौर, डॉ. विकास मोनिता नेमा एवं सावित्री मंडल परिवार से मंडल की संरक्षक वंदना तिवारी, अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली शेवड़े, रश्मि देशपांडे, अर्चना गोस्वामी एवं ख्याल अपना से राखी यादव, अंशिका बुंदेला, आदर्श शर्मा, संगम रघुवंशी, प्रिंसी शर्मा, प्रगति यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी स्वरचित पाठ काव्य पाठ किया गया एवं ख्याल अपना से भी स्वरचित काव्य पाठ किया गया है। काव्य पाठ करने वाले श्रेष्ठ वक्ताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं सभी को सांत्वना पुरस्कार में प्रमाण पत्र एवं पैन वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे द्वारा किया गया तथा आभार रश्मि देशपांडे द्वारा व्यक्त किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालुगण



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 फ्रीगंज वार्ड में इन दिनों दुर्जन रैकवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पंडित बृजभूषण महाराज द्वारा कथा के विभिन्न प्रसंग विस्तार से सुनाए जा रहे हैं। सोमवार को कथा के सप्तम दिवस रुकमणी मंगल का प्रसंग सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि रुकमणी और भगवान कृष्ण के विवाह का जो भी भक्त दर्शन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं उनके सभी दुख दूर हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में रुकमणी मंगल की कथा और सुदामा चरित्र का प्रसंग विस्तार से सुनाया गया। इस दौरान महिला, पुरुष श्रद्धालुगण उत्साह से झूम उठे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# रिपटा घाट पर बेतवा नदी में बहे युवक का शव 24 घंटे बाद मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को दोपहर के समय सावरकर चौक निवासी 23 वर्षीय नरेंद्र ओझा बेतवा रिपटा घाट पर नहाने के दौरान डूब गया था। स्थानीय लोगों ने युवक के डूबने की सूचना देहात थाना पुलिस को दी थी। पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और तलाश शुरू की। प्रारंभिक खोज में कोई सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने विदिशा एसडीईआरएफ टीम को सूचित किया। रिपटा घाट पर मौजूद पुलिस और बचाव दल के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से खोज अभियान शुरू किया। दो नावों को भी नदी में उतारा गया था। पहले दिन गोताखोरों को कोई सफलता नहीं मिल सकी थी। सोमवार को दूसरे दिन 24 घण्टे बाद एसडीईआरएफ की टीम युवक का शव खोजने में सफलता मिली। देहात थाना पुलिस द्वारा शव को टीम की मदद से नदी से बाहर निकलवाकर पंचनामा बनाकर पोस्ट मार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। यहां उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बारिश के कारण बेतवा नदी का जलस्तर अधिक है और बहाव तेज है।

बताया जाता है कि मृतक अपने साथियों के साथ गत दिवस ग्राम निबोदिया में बेल्डिंग कार्य करने गया था। जहां लाइट जाने के कारण काम बंद हो गया और तीनों दोस्त बेतवा नदी के रिपटा घाट पर निबोदिया तट की ओर नहाने चले गए। इस बीच नदी के तेज बहाव में नरेन्द्र बह गया और कुछ देर बाद पानी में लापता हो गया। साथियों ने इसकी सूचना घाट के दूसरी ओर तैनात गोताखोरों और पुलिस को दी। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई थी, लेकिन गत दिवस नरेन्द्र का कुछ पता नहीं चल सका था।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम पर हल्ला बोल व धरना प्रदर्शन आज

**सागर।** नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की हो रही अनदेखी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर सागर के तत्वाधान में सागर नगर निगम पर हल्ला बोल एवं धरना प्रदर्शन 16 सितंबर दिन मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे से दोपहर - 3 बजे तक नगर पालिक निगम के सामने एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष जिला कांग्रेस शहर सागर महेश जाटव नें सभी कांग्रेस जनो से धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### लोक पर्व का आयोजन 20 सितंबर को

**सागर।** लोक पारंपरिक कलाओं पर आधारित कार्यक्रम लोक पर्व 2025 का आयोजन 20 सितंबर को दीपक सभागार सिविल लाइंस सागर में अपरान्ह 5.00 बजे से किया जावेगा। संस्था लोक कला निकेतन के आयोजन और श्यामलम के संयोजन में होने जा रहे इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंदी व बुंदेली की सुप्रसिद्ध लेखिका सुश्री डॉ.शरद सिंह होंगी। वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र दुबे 'कलाकार' अध्यक्ष तथा सत्यम बुंदेली संग्रहालय के संस्थापक दामोदर अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी के 'ए ग्रेड' प्राप्त बुंदेली के सुप्रसिद्ध गायक शिवरतन यादव व कपिल चौरसिया द्वारा बुंदेली के मधुर गीतों की प्रस्तुति दी जाएंगी।

### डीएपी के साथ एनपीके का भी होगा वितरण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि डीएपी खाद के साथ-साथ एनपीके का भी वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसानों को पर्याप्त खाद मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि समस्त एसडीएम खाद वितरण के पूर्व किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ बैठक अवश्य करें।

## सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकृत कराएं

# सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति व शिकायतों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकृत कराएं, लंबित रहने वाली शिकायतों के विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायतों का निराकरण कराएं, सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति एवं शिकायतों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ विवेक केवी, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर संदीप जी. आर. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा



कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में एवं संतुष्टिपूवर्क निकराकरण करके जिले की ग्रेडिंग में सुधार करें। शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख लगातार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर कार्य करते रहें और यथोचित सीएम हेल्पलाइन लगाने वाले व्यक्ति से व्यक्तिगत संपर्क भी करें जिससे कि उनकी समस्या का संतुष्टि पूर्ण समाधान हो सके।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करें और जिले वासियों की सभी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक दिन सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक समय दें और शिकायतकर्ता से चर्चा करें जिससे कि सभी शिकायतों का निराकरण समय सीमा में हो सके।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति एवं शिकायतों को लंबित रखने वाले विभागीय अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाए। उन्होंने सभी एसडीएम राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का दैनिक रूप से निगरानी करें, सभी एसडीएम पटवारियों की मीटिंग करें।

## सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष बनी रानी जैन

# आईजा महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष बनी मनोवाला जैन





सिरोंज। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग की प्रदेश कार्यकारणी का गठन करते हुए वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति मनोवाला जैन को आईजा महिला विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। साथ ही श्रीमति रानी जैन बगरोदा को आईजा महिला विंग का सिरोंज ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि पहली बार आईजा द्वारा पत्रकारो की महिला विंग का गठन किया गया है। इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमति मनोवाला जैन ने कहा कि प्रदेश भर में आईजा महिला विंग का प्रत्येक जिले व तहसील स्तर पर शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में राष्ट्रीय स्तर का पत्रकारो का महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में देशभर से वरिष्ठ पत्रकारो के साथ राजनेता व आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होगें।

# क्षेत्र के दौरे के दौरान सांसद डॉ लता वानखेड़े का जगह-जगह हुआ स्वागत

## ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेडे के क्षेत्र में दौरे के दौरान कुरवाई, पथरिया, भटौली, बगरौदा सहित अनेको स्थानो पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेडे ने ग्रामीणो क्षेत्रो में पहुचकर ग्रामीण से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना साथ ही ग्रामीणो द्वारा बताई गई विभिन्न समस्याओं का समाधान हेतु सांसद ने मौजूद ग्रामीणो को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास करेगी। जनता की समस्याओ का समाधान कराना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने जो भी समस्या बताई है उसको लेकर संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क, बिजली व नल जल योजना में अनियमितता बरते जाने की शिकायत सांसद से की।

### ग्राम बगरोदा में हुआ ऐतेहासिक स्वागत

ग्राम पंचायत बगरोदा में भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो द्वारा फूलो की वर्षा कर सांसद डॉ लता वानखेडे का भव्य स्वागत किया। इस अवसर



पर भाजपा नेता मान सिंह रघुवंशी ने सांसद लता वानखेडे से चर्चा कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही क्षेत्र की राजनैतिक गतिविधियो को लेकर विशेष चर्चा की। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# मौलाना असजद मदनी के आगमन पर सिरोंज में हुआ ऐतिहासिक स्वागत, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के नायब सदर मौलाना असजद मदनी अपने काफिले के साथ सिरोंज पहुंचे। इस मौके पर मार्ग में अनेक स्थानों पर ्जमीयत उलेमा-ए-हिंद ज़िदाबादू के नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनका काफिला बायपास रोड से होते हुए बासौदा रोड पहुंचा, जहां से रोहिलपुरा चौराहा, लिंक रोड, छतरी नाका, बलेजा पेट्रोल पंप, नया बस स्टैंड और पुराना बस स्टैंड होते हुए शहर का भ्रमण किया। पूरे मार्ग पर स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। ग्राम नाडिया के कॉमेडी चौराहा पर हाफिज शफीक के नेतृत्व में विशेष अखाड़े का आयोजन हुआ। इसके बाद मौलाना सिरोंज पहुंचे, जहां नायब सदर जमीयत उलेमा मध्य प्रदेश गाजी वली अहमद चिश्ती के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली





अहमद कासमी और ब्लॉक अध्यक्ष मुफ्ती हफीज अहमद कासमी की निगरानी में हाफिज अहद शाह के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। रात्रि में नमाज़-ए-ईशा के बाद सुहाग गार्डन में विशेष जलसे का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत मुफ्ती हफीज अहमद कासमी द्वारा कुरान की तिलावत से हुई। जलसे की सदारत ख्वाजा-ए-मिल्लत हजरत मौलाना गाजी वली अहमद ने की। जबकि मंच संचालन जिला अध्यक्ष मुफ्ती अली अहमद कासमी ने किया। तकरीर मुफ्ती युसूफ कासमी ने दी।

### प्रेरणादायक वाक्य को दोहराया

*गाजी वली अहमद चिश्ती ने अपने प्रेरणादायक वाक्य को दोहराया और कहा कि एक हो जाओ और नेक हो जाओ। यह संदेश लोगों के दिलों में उतर गया और सामाजिक सौहार्द को और मजबूत किया। इस दौरे में मौलाना असजद मदनी के साथ विशेष मेहमानों में मुफ्ती मोहम्मद,जनरल सेक्रेटरी, जमीयत उलेमा झारखंड मुफ्ती शहाबुद्दीन साहब और मुफ्ती मोहम्मद अहमद खान साहब सदर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद मध्य प्रदेश शामिल रहे। इनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। जलसे का समापन मौलाना मदनी की दुआ से हुआ, जिसमें उन्होंने देश की सलामती, मजलूमों की राहत और समाज में अमन-ओ-शांति की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट शोएब और जमीयत वॉलंटियर्स की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने दिन-रात मेहनत कर आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया। मौलाना मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद हर मजलूम के साथ खड़ी है। हमारा उद्देश्य देश में अमन और शांति का पैगाम देना है और इसकी अखंडता को बनाए रखना है।*

### त्योहारों में बाल विहार में होगी पार्किंग

**विदिशा।** आगामी नवरात्रि एवं दीपावली के त्योहारों को लेकर सावरकर बाल बिहार में मेन मार्केट के वाहनों की पार्किंग होगी। यह निर्णय आज बाल विहार पहुंचकर व्यापारियों के साथ लिया गया। जिस पर नगर के सभी व्यापारियों ने अपनी सहमति प्रदान की। आगामी नवरात्रि एवं दीपावली के त्योहारों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने व्यापारियों के साथ बाल विहार में वाहनों के पार्किंग को लेकर यह निर्णय लिया है। जिसमें सभी व्यापारियों ने अपनी पार्किंग को लेकर सहमति दर्ज कराई है। एक पार्किंग बाल विहार में की जा रही है और दूसरी पुरानी नगर पालिका में पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। जिससे व्यापारियों को एवं नगरवासियों को बाजार में आने-जाने में सुविधा होगी एवं यातायात भी बाधित नहीं होगा।

### युवा ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई

**विदिशा।** रविवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद की जिले की बैठक मोहनगिरि स्थित ब्रह्म भवन में आयोजित की गई। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों से परिचय एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक की गई एवं विदिशा जिले की समस्त तहसीलों की नियुक्तियों हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिलाअध्यक्ष वागीश मिश्रा ने बताया कि जल्द ही तहसीलों अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम का समापन गौ ग्रास खिलाकर किया गया।

### महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव

**विदिशा।** अग्रसेन जयंती महोत्सव तत्वाधान में रविवार को प्रथम दिन मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत द्वारा अग्रसेन जयंती समिति के तत्वाधान में सर्वप्रथम कुलदेवी महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन की आरती के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कार्यक्रम रखे गए। सर्वप्रथम निबंध प्रतियोगिता जलवायु परिवर्तन के विषय पर की गईद्ध उसके बाद लड्डू गोपाल जी को राधा रानी के रूप में सजना था। इसके पश्चात लकी गेम का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा वेस्टेज मटेरियल से फैशन शो किया गया। उसके पश्चात कपल रैंप वॉक का आयोजन पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं का साजातीय बंधुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लियाद्ध उपरोक्त जानकारी अग्रसेन जयंती के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल द्वारा दी गई।

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के व्यावहारिक भूविज्ञान विभाग ने हाल ही में लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड, एक प्रमुख इस्पात उत्पादक कंपनी के साथ एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 2024 और 2025 बैच के 31 छात्रों ने भाग लिया, जो विश्वविद्यालय की उद्योग-अकादमिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चयन प्रक्रिया में एक लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल था, जिसमें 9 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

# हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राष्ट्रीय कवि संगम विदिशा द्वारा हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी एवं गोष्ठी एएस अकेडमी विदिशा में हुई।

संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे भूतपूर्व प्राध्यापक एवं हिंदी विभाग जैन कॉलेज के अध्यक्ष प्रोफेसर शील चंद्र पालीवाल जी जिन्होंने कहा कि हमको हिंदी की समृद्धता के लिए कार्य करना चाहिए और उसके लिए जो भी संभव प्रयास हो वह हमें करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता की इतिहासकार एवं शहर के वरिष्ठ साहित्यकार गोविंद देवलिया ने की जिन्होंने विदिशा के इतिहास से जोड़ते हुए भाषा की महत्ता को स्पष्ट किया एवं गौरव को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांत संरक्षक एवं एसए टीआई कॉलेज विदिशा के पूर्व डायरेक्टर जेएस चौहान भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में हिंदी दिवस मनाना ही हमारी विडंबना है। हमारे देश में हिंदी भाषा के लिए सिर्फ एक दिन सीमित नहीं करना चाहिए क्योंकि हिंदी हमारी ह्रदय की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में विदिशा जिले के प्रबुद्ध श्रोता,वरिष्ठ साहित्यकार, लेखकों एवं इतिहासविदों का अनूठा संगम रहा। जिसमें हिंदी भाषा के उत्थान एवं लोककल्याण के विषयों पर विचार विमर्श हुआ एवं शहर के युवा कवियों एवं वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं सुनाई।

# एसएटीआई में इंजीनियर्स डे का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में सोमवार, 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह दिन महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान में स्थापित विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि



दी। इस मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अपने संबोधन में डॉ. जैन ने सभी कर्मचारियों और छात्रों को इंजीनियर्स डे की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंजीनियरों के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की सराहना की और छात्रों को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंजीनियर समाज की प्रगति का आधार हैं और हमें नई तकनीकों को अपनाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

### दुर्गाष्टमी का स्थानीय अवकाश घोषित हो

**विदिशा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव जगदीश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता से भेंट कर दुर्गाष्टमी का स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे पत्र में कहा कि आपके द्वारा गणेश चतुर्थी पर्व को स्थानीय अवकाश घोषित किया था,वह बहुत उत्तम निर्णय था लेकिन बाद में मध्य प्रदेश शासन ने गणेश चतुर्थी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया। इस कारण स्थानीय अवकाश अनुपयोगी हो गया। जिले में शारदीय नवरात्रि उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान दुर्गाष्टमी पर घर घर में कुलदेवी की जाती है।

### मनमोहन धाकड़ बने ब्लॉक अध्यक्ष, रूप सिंह धाकड़ संभाग महामंत्री

**शमशाबाद।** जनपद पंचायत नटेरन के सभागार में मप्र पंचायत सचिव संगठन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह रघुवंशी ने की। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत और संभाग अध्यक्ष शैतान सिंह यादव की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से मनमोहन सिंह धाकड़ को नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष तथा रूप सिंह धाकड़ को संभाग महामंत्री नियुक्त किया गया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन सिंह धाकड़ ने कहा कि सचिवों की समस्याओं के समाधान और संगठन की मजबूती उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं रूप सिंह धाकड़ ने कहा कि संगठन की एकता ही इसकी ताकत है और इसी के बल पर सचिवों की आवाज़ बुलंद की जाएगी।

### उपार्जन के लिए पंजीयन केंद्रों का निर्धारण हुआ

**विदिशा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में चिन्हित फसल (धान, ज्वार, बाजरा) के उपार्जन के लिए पंजीयन केंद्रों का तहसीलदार निर्धारण किया गया है। जिसमें विदिशा तहसील के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवखजूरी, विदिशा नगर के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित रंगई, कुरवाई तहसील के लिए विपणन सहकारी समिति मर्यादित कार्रवाई, नटेरन तहसील के लिए विपणन सहकारी समिति मर्यादित नटेरन, बासौदा तहसील के लिए दो पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

# नटेरन के 100 से अधिक गांवों में हो रही अवैध शराब की तस्करी

- घर बैठे मिल रही अवैध शराब, नशे के ओवर डोज से युवाओं की हो रही।
- शनिवार की रात तहसील मुख्यालय पर युवाओं ने दिखाया आक्रोशन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन क्षेत्र की बात की जाए तो इस इलाके में 100 से ज्यादा गांवों में अवैध शराब की तस्करी होने की बात सामने आ रही है।

जिस पर अभी तक न तो पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही की है और न ही आबकारी विभाग ने अवैध शराब के तस्करों पर शिकंजा नहीं कसा। यही वजह है कि शराब माफिया खुलेआम गांव में अवैध शराब पहुंचा रहे हैं। अवैध शराब की तस्करी से तंग आए नटेरन के युवाओं ने शराब माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गत दिवस एक शाम बड़ी संख्या में एकत्रित हुए युवाओं ने शराब माफियाओं के खिलाफ जमकर शराब माफिया ज्ञान के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं आबकारी और पुलिस ने शराब माफियाओं पर कार्रवाही की मांग की है।

शराब माफियाओं ने गांव गांव में अपने एजेंट कमीशन पर बना रखे हैं। इन एजेंटों को अवैध शराब बेंचने के बदले में मोटा कमीशन दिया जाता है, जिसके चलते यह एजेंट शराब घर घर तक पहुंचा देते हैं। नटेरन के कुछ लोगों ने बताया कि इलाके में बिक रही अवैध शराब के पीने से कुछ युवाओं की संदिग्ध मौत भी हो चुकी है। हर त्यौहार के पहले शांति समिति की बैठक में अवैध शराब का मामला उठता है लेकिन उसके बाद मामला शांत हो जाता है। नटेरन मुख्यालय पर बड़ी संख्या में युवाओं की टोली एकत्रित हुई जिन्होंने जमकर नारेबाजी की और अवैध शराब की बिक्री बंद कराने और शराब माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की है।

**शिक्षा विभागीय कर्मचारी सहकारी समिति मर्यादित विदिशा**
**सरस्वती नगर, तलैया, विदिशा (म.प्र.)**
(पंजीयन क्र. A.R./V.D.S/142 दिनांक 16.01.1970)
क्रमांक / वार्षिक आमसभा / 2025-26/522 दिनांक 30/08/2025
**वार्षिक आम सभा सूचना**
शिक्षा विभागीय कर्मचारी सहकारी समिति मर्यादित विदिशा के समस्त अंश धारी सदस्यों को सुचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 28/09/2025 दिन रविवार समय दोपहर 11 बजे स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सांची रोड विदिशा में अयोजित की गई है। अनुरोध है कि उपस्थित होने का कष्ट करें ।कोरम के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित आम सभा आधे घन्टे पश्चात उसी स्थान पर सम्पन्न होगी। जिससे गण पूर्ति आवश्यक नहीं होगी। उपस्थित सदस्यों से सम्पन्न कराई जावेगी।
**प्रबंधक** **अध्यक्ष**
**शंकरलाल शर्मा** **सुरेश कुमार शर्मा**

**कार्यालय मतस्योधोग सहकारी संस्था मर्यादित चन्देरी**
**तहसील-लटेरी जिला विदिशा म.प्र.**
पंजीयन क्र/डी.आर/ व्ही.डी.एस./754 विदिशा दिनांक 29.04.2010
क्रमांक / आमसभा/2025/क्यू दिनांक 14.09.2025
**वार्षिक आमसभा की सूचना**
मतस्योधोग सहकारी संस्था मर्यादित चन्देरी तहसील-लटेरी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 27.09.2025 को समय दोपहर 1:00 बजे स्थान संस्था कार्यालय चन्देरी में आयोजित की गई है कृपया नियत दिनांक को निर्धारित स्थान एवं समय पर आमसभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।
नोटः-गणपूर्ती (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 30 मिनिट पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। बैठक में आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा का विस्तृत एजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।
(लेखराज सेलर) (श्रीमती आरामबाई सेलर)
सचिव अध्यक्ष
मतस्योधोग सहकारी संस्था मर्यादित चन्देरी पो.लटेरी जिला विदिशा
मतस्योधोग सहकारी संस्था मर्यादित चन्देरी पो.लटेरी जिला विदिशा

# 'और नदी लौट आई' उपन्यास का भव्य लोकार्पण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को प्रेरणा मंच विदिशा के तत्वावधान में डॉ. कमल चतुर्वेदी के बहुचर्चित उपन्यास और नदी लौट आई का लोकार्पण एसएटीआई कॉलेज में हुआ।

भोपाल लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम गुप्ता ने कहा कि उपन्यास की नायिका रुचिरा और श्रीधर की प्रेमकथा केवल प्रेमकथा नहीं बल्कि समर्पण और संघर्ष की कथा है, जो आज के समाज के लिए प्रेरक है। पत्रकार कवि संपादक दिलीप झा ने कहा कि समाज को सही दिशा देने के लिए प्रेरणादायी सोच आवश्यक है। डॉ. प्रशांत चौबे ने हिंदी दिवस के अवसर पर जानकारी दी कि हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है और लगभग 15 हजार करोड़ का व्यापार हिंदी के माध्यम से होता है। उन्होंने उपन्यास को पुनर्वास और पुनर्मिलन



की दिशा में एक सशक्त रचना बताया। बरकतउल्ला विष्वविद्यालय केकुलगुरु प्रो. एसके जैन ने कहा कि हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए और साहित्य के माध्यम से हिंदी को वैश्विक मंच पर ले जाना समय की मांग है। जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि हमें अपनी पुरातन संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहकर आधुनिकता में संतुलन बनाना चाहिए। गोविन्द देवलिया ने सभी वक्तव्यों की सराहना करते हुए उपन्यास के शब्द उद्धत किए "पराई घोसले में कब तक रहना है, चलो अपना भी घोंसला बनाएं।" उन्होंने कहा कि यह उपन्यास केवल एक कहानी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को जगाने वाला दस्तावेज़ है। विमोचन कार्यक्रम की प्रस्तावना करते हुए पत्रकार डॉ सुदीप शुक्ला ने उपन्यास और नदी लौट आई की विषय वस्तु के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच के सक्रिय सदस्य सन्तोष नामदेव ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप्ति शुक्ला ने किया और आभार रेखा श्रीवास्तव ने माना। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन शिवकुमार तिवारी, प्रवीण शर्मा, अरविंद द्विवेदी, अरविंद श्रीवास्तव, प्राचार्य वीके जैन, के सिंह, ओपी चतुर्वेदी, परमानंद मिश्र, उदय ढोली, सुरेंद कुशवाह, संजय शर्मा, संतोष नामदेव, ज्योति शाह, पूनम भार्गव, नीरज कन्नौजिया, ज्योति जाधव, रेखा दुबे आदि उपस्थित रहे।

**मामला: आयुष्मान कार्ड से भर्ती मरीजों ने लगाए अवैध चौथ वसूली के आरोप**

# प्रायवेट अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराज भीड़ ने विरोध प्रदर्शन कर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सांची रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल प्रबंधन की मनमानी और लापरवाही के मामले में सोमवार को सुबह करीब 11.30 बजे नाराज भीड़ में विरोध प्रदर्शन करते हुए करीब पौने एक घंटे चक्काजाम किया। इस चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष शर्मा, नायब तहसीलदार श्रीमती अमृता सुमन और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। नाराज भीड़ और मरीजों ने इस प्राइवेट अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि यह निजी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज को भर्ती करके आयुष्मान कार्ड के सहारे गड़बड़ी कर अवैध वसूली कर रहा है। उन्होंने बताया कि जब शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज की सुविधा दी गई है तो अलग से यह चौथ कौन से नियम और किसके आदेश पर कैसे की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड के जरिए भर्ती मरीजों से अलग से दवाइयां व अन्य चिकित्सा उपकरण के पैसों की डिमांड की जाती है। अनजान लोग इस मांग को पूरी कर देते हैं तो उनका इलाज शुरू हो जाता है। वरना मरीज इस प्रायवेट अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। कुछ मरीजों के परिजनों ने अपना नाम ना छापने पर बताया कि इस प्राइवेट अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड के बाद भी अलग से महंगी दवाइयां के नाम पर राशि वसूल रहा है। जो सरासर गलत और नियम विरुद्ध है। इस गढ़वा जाने की जांच की जाना बेहद जरूरी है। क्योंकि इस निजी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मनमानी और लापरवाही लगातार की जारी है। इस तरफ अधिकारियों से गंभीरता से ध्यान देने का अनुरोध किया है।








## वाहनों की लगी लंबी कतार

इसके पूर्व सुबह लगभग साढ़े 11 बजे सांची विदिशा रोड़ स्थित एक निजी हॉस्पिटल रायसेन के सामने नाराज मरीज उनके परिजनों द्वारा करीबन 45 मिनट चक्काजाम कर दिया था। चक्काजाम के दौरान भारी भीड़ जमा हो जाने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम मनीष शर्मा एवं नायब तहसीलदार श्रीमती अमृता सुमन मौके पर पहुंची और चक्काजाम पर बैठी नाराज भीड़ को समझाइश दी। तब कहीं जाकर लगभग दोपहर 12 बजे चक्काजाम खत्म हुआ।

## गड़बड़ी के बाद क्या बोले मरीज और परिजन

प्रायवेट हॉस्पिटल के सामने सोना बाई, दामोदर सिंह, उम्मेदी बाई, फूल सिंह सहित मरीजों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन कर मीडिया के सामने मनमानी अवैध वसूली के आरोप लगाए। वह बोले कि आयुष्मान कार्ड लेकर निजी अस्पताल में मरीजों को भर्ती कर लेते हैं, फिर मरीजों और परिजनों से अवैध राशि वसूलने मीटर घूमने लगता है। अतिरिक्त अवैध राशि वसूली का गोरखधंधा लंबे अरसे से इस एक निजी अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जा रही है, जो सरासर गलत अनुचित है। भीड़ ने इस गड़बड़ झाले की बिंदुवार जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। फिलहाल एसडीएम शर्मा द्वारा इस मामले की जांच की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार श्रीमती अमृता सुमन को सौंपी है। नायब तहसीलदार मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

### इनका कहना है

फिलहाल हमने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है हमने निजी अस्पताल पहुंचकर मरीज और उनके परिजनों के कथन भी दर्ज कर लिए हैं। जल्द ही इस मामले का खुलासा की रिपोर्ट प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

- **श्रीमती अमृता सुमन**, नायब तहसीलदार

### खास बातें

**मरीज ने एसडीएम से कहा**

- एक टीबी मरीज ने बताया कि मुझे आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पताल प्रबंधन ने भर्ती किया था, लेकिन फिर भी पैसे की मांग की जा रही है और इलाज भी नहीं किया।

**एसडीएम ने मरीज से कहा**

- एसडीएम मनीष शर्मा ने प्रायवेट अस्पताल के एक डॉक्टर से बातचीत के बाद टीबी मरीज से बोले – टीबी रोग का इलाज फ्री सुविधा में सरकारी अस्पतालों में होता है तो आप इस निजी अस्पताल में दाखिल क्यों हुए।

### निजी अस्पताल महंगे दाम में बेच रहा दवाएं

*सोना भाई, दामोदर सिंह, फूल सिंह ने बताया कि जब मरीज का इलाज आयुष्मान कार्ड पर फ्री होता है तो फिर वहां के मेडिकल से कम कीमत की दवा महंगे दामों में क्यों विक्रय की जा रही है। गरीब मरीजों से राशि की अवैध वसूली क्यों हो रही है। जब महंगी दवाइयां मरीजों को यदि दी जा रही तो मेडिसिन का बिल क्यों नहीं दिया जाताजिला प्रशासन ध्यान दें। मामले की जांच पड़ताल कर दोषी प्राइवेट अस्पताल प्रबंधन पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए।*

## क्षेत्र में अवैध रूप से शराब विक्रय व कच्ची शराब का हो रहा निर्माण

◆ आबकारी विभाग ने छापामार कार्रवाई कर बनाए 9 प्रकरण और 8 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब विक्रय, देशी कच्ची शराब के निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के बाद भी नशे का अवैध व्यापक नहीं रूक पा रहा है। अवैध शराब को ग्रामीण क्षेत्र में बैचने वालों के विरूद्ध मुखबिर की सूचनाओं पर छापामार कार्यवाही कर आबकारी विभाग द्वारा 57 लीटर अवैध शराब जप्त करने के साथ 540 किलो हाथ भट्टी महुआ लाहन जप्त कर 9 प्रकरण बनाए, 8 लोगों को गिरफ्तार किया। एक व्यक्ति फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है।

आबकारी उप निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम रमगढ़ा, चैनपुर, नगर के होली चौक, खण्डराज, कैलकच्छ, पंडा बम्होरी, मगरधा में छापामार कार्यवाही की गई। 5 क्विंटल 40 किलो महुआ लाहन जो कि हाथ भट्टी कच्ची शराब निर्माण में काम आता है। सेंपल लेकर उसे नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

### 8 गिरफ्तार, एक फरार

आबकारी विभाग की ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री कारोबार एवं हाथ भट्टी शराब निर्माण के विरुद्ध की गई बड़ी कार्यवाही में 9 प्रकरण आबकारी एक्ट के दर्ज किए गए। जिसमें आरोपी महेश रायसिख, रानू शुक्ला, अंकित राजपूत, मुकेश अहिरवार, दिनेश राय, गोकुल धाकड़, राकेश उर्फ अच्छे भैया, और भैयालाल किरार को गिरफ्तार किया गया। रमगढ़ा का एक आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## चेचिस ट्रक-स्कॉर्पियो में भिड़ंत, वाहन क्षतिग्रस्त

**सलामतपुर।** सोमवार शाम लगभग 4 बजे रेलवे ओवरब्रिज के पास सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से सीहोर जा रही ट्रक की चेचिस और छतरपुर से भोपाल की ओर जा रही स्कॉर्पियो में साइड से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो का साइट का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चेचिस की हेडलाइट फूट गई। स्कॉर्पियो में बैठे लोग पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को कोई चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की डायल-112 मौके पर पहुंची। हालांकि, दोनों वाहनों के चालकों ने आपसी समझौते से मामले को निपटा लिया और किसी ने भी थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो व्यक्ति हुए गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

कमापार मंदिर के सामने एक अज्ञात वाहन ने दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। 112 वाहन द्वारा विदिशा मेडिकल कॉलेज में घायलों को भर्ती किया। घायलों की पहचान राजू सिलावट पिता कमल सिंह तथा श्याम लोधी पिता खिलान सिंह, निवासी गंजबासौदा के रूप में हुई है।

आये दिन हो रहे एक्सीडेंट सांची मार्ग पर रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। वाहन इतने तीव्र गति से चल रहे हैं इनका कोई भी मापदंड नहीं है। कार्रवाई न होने से तेज रफ्तार वाहनों की गति नहीं थम रही है। वहीं ट्रैफिक पुलिस भी किसी चौराहे पर खड़ी नजर नहीं आती है।

## कहासुनी पर छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से किया हमला

### सलामतपुर के राजीव नगर की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



थाने के राजीव नगर बस्ती में दो सगे भाइयों के बीच मामूली बात पर कहासुनी हो गई और बात मारपीट तक पहुंच गईं। छोटे ने गुस्से में बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे बड़े भाई घायल हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार राजीव नगर बस्ती में फरियादी शुभम पिता जगदीश बाल्मीकि उम्र 30 वर्ष जो संघमित्रा रेस्टोरेंट में वेटर का काम करता है। पत्नी के गर्भवती होने पर 1 महीने की छुट्टी लेकर अपने घर पर ही पत्नी आशा की देखरेख कर रहा था, तभी उसका छोटा भाई योगेश घर आया। शुभम ने उससे बोला कि तुम घर का राशन वगैरह बिना पूछे ही बेच देते हो। कुछ काम क्यों नही करते। इतनी सी बात सुनकर योगेश आग बबूला हो गया और शुभम के साथ गाली गलौच करने लगा।

बात बढ़ने पर रसोईघर से चाकू उठा लाया और शुभम पर हमला कर दिया। शुभम ने रोकने की कोशिश की तो उसका हाथ चाकू से कट गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल युवक को सांची सिविल अस्पताल पहुंचाकर आरोपी योगेश के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की है।

*छात्रावासों में अनियमित्ताओं को लेकर जयस उतरेगा मैदान में*

## 'जयस' करेगा एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

- मांगों को लेकर 17 को करेंगे प्रदर्शन

तहसील मुख्यालय सिलवानी में आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित किए जा रहे छात्रावासों में व्याप्त अनियमित्ताओं, अधीक्षक के द्वारा छात्रो से मारपीट किए जाने, दूषित भोजन का वितरण किए जाने, जिम्मेदार अधीक्षकों पर सख्त कार्रवाही करने आदि मांगो पर आदिवासी संगठन जयस के द्वारा आगामी बुधवार 17 सितंबर को एसडीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

जयस के जिलाध्यक्ष विजय पदराम ने बताया कि सिलवानी स्थित छात्रावास के अधीक्षक के द्वारा मासूम बच्चो के साथ मारपीट की जाती है। बच्चो को दूषित भोज्य सामग्री वितरित की जाती है। इसके अतिरिक्त छात्रावासो में अन्य गंभीर अनियमित्ताए भी बनी हुई हैं। अनियमित्ताओं व लापरवाही बरतने वाले अधीक्षको तथा छात्रावासो में रहने वाले बच्चो को तय मीनू के मान से खाना दिए जाने, आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराने आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा हैं।

## अपनी मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

### एक सप्ताह से सोसायटी में डले हुए हैं ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



अपनी लंबित मांगों को लेकर सभी सहकारी और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के कर्मचारी 8 सितंबर से मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के आह्वान पर अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल से दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्र में भी कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर गए कर्मचारियों की मुख्य मांगों में तीन साल से लंबित पदोन्नति आदेशों को लागू करना, 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन करना और बकाया वेतन भुगतान शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, यह हड़ताल जारी रहेगी।

इस हड़ताल के कारण बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, विपणन समिति, उपभोक्ता भंडार और स्व-सहायता समूहों का काम पूरी तरह से ठप्प हो गया है। इससे किसानों को खाद-बीज मिलने में दिक्कत हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण भी प्रभावित हो रहा है। एक सप्ताह से सोसाइटी में ताले डाले हुए हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के उदासीन रवैये के कारण उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## धर्म प्रचारक नगर कीर्तन शोभायात्रा का नगर में हुआ स्वागत

*» अटवाल परिवार सहित नगरवासियों ने लिया धर्मलाभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सिख पंथ के नौवें गुरु की धर्म प्रचारक नगर कीर्तन शोभायात्रा का नगर प्रवेश पर सरदार जोधा सिंह अटवाल के परिवार एवं नगर के समाजसेवी लोगों ने एक रिसोर्ट पर शोभायात्रा की पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों ने अतिथि सत्कार स्वीकारने के पश्चात महा प्रसादी (लंगर) ग्रहण किया। सोमवार को नगर आगमन पर अटवाल परिवार व शहरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मिक शांति का अनुभव किया।



पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा सहित यात्रियों का नगर आगमन का धन्यवाद दिया।

सिख पंथ के नौवें गुरु तेगबहादुर के 350वें शहीदी दिवस (24 नवंबर 2025) पर में एक धर्म प्रचारक नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली जा रही है। जो असम के धुबरी गुरुद्वारे से शुरू होकर 23 राज्यों से गुजरते हुए पंजाब के आनंदपुर साहिब तक जायेगी। जिसका उद्देश्य गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं और बलिदानों को जन-जन तक पहुंचाना है।

## भागवत कथा श्रवण से होता है पापों का नाशः भूपेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के बजरंग चौराहा स्थित अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। धार्मिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन का शुभारंभ एक भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नगर को धर्ममय बना दिया। कथावाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से श्रद्धालुओं के द्वारा कथा श्रवण की जा रही हैं। दोपहर के समय नगर के प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर जमुनिया पुरा से कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश एवं भागवत पुराण को सुशोभित किए यजमान श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चल रहे थे।



धार्मिक धुनों और भजन.कीर्तन के साथ यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लिए चल रही थीं, वहीं युवा ढोल, मंजीरों और शंख की ध्वनि से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। आयोजन समिति द्वारा व्यवस्था का सुचारू संचालन किया गया। यात्रा में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की भी उत्साहपूर्वक सहभागिता रही।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

**बरेली।** पूर्व भाजपा विधायक स्व. भगवत सिंह पटेल की पुण्य स्मृति में परिवार जनों द्वारा सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व कथा व्यास पू. कृष्ण कांत शास्त्री वृंदावन धाम को रथ पर बैठा कर महिलाओं एवं नगर ग्रामीण क्षेत्र के धर्मप्रेमियों द्वारा कलाश शोभायात्रा गणेश मंदिर से कथा स्थल गीतांजलि गार्डन तक धूमधाम के साथ निकाली गई।

कलश यात्रा में पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष मदन सिंह पटेल, इंडेन गैस एजेंसी संचालक योगेन्द्र पटेल, नपं. के पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, हिउस अध्यक्ष दिनेश बवेले, पार्षद पूरन धाकड़ सहित महिलाओं एवं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

**चौहान का हमेशा से क्षेत्र के लोगों से रहे निकट संबंध**

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को रोककर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को पिपरिया मार्ग पर स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे अजीब सा नजारा बना रहा। पचमढ़ी से भोपाल जा रहे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले को रोक कर नगर एवं क्षेत्र के भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान कि यही तो सहजता सरलता है कि कोई आग्रह करें और वह न रूकें। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान को पिपरिया ओव्हर ब्रिज के पास से भोपाल की ओर मुड़ने से पहले ही भारी संख्या में एकत्रित नगर एवं क्षेत्र के भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने रोक लिया।



नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, भाजपा नेता रामकिशन पटेल, शंकर सिंह माता वाले, हरनाम सिंह राजपूत, पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, रेवा सिंह गोदर, हिउस के पदाधिकारी, भाजपा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा चौहान के अल्प समय रुकने पर स्वागत किया। श्रीचौहान का हमेशा से बरेली नगर क्षेत्र के लोगों से निकट संबंध और स्नेह भाव रहा है। श्री चौहान ने नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी ने नगर की स्थिति आर विकास कार्यो पर चर्चा की और जानकारी ली।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का किया स्वागत

**बाड़ी।** क्षेत्र के लाड़ले सांसद और मध्यप्रदेश के मामा का बाड़ी से गहरा और आत्मीय लगाव रहा है। उनके राजनीतिक सफर में बाड़ी के नेताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। नतीजतन जब भी कोई सुख-दुख की घड़ी आती हैं तो शिवराज सिंह नगर के नेताओं के साथ हमेशा खड़े मिलते हैं।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और साधना सिंह का जबलपुर से लौटते समय जोधा सिंह अटवाल ने मित्रों के साथ स्वागत किया।

**सूर्योदय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, मण्डीदीप, जिला-रायसेन**

(पंजीयन क्रमांक डी.आर.आर.एस.एन./693, दिनांक 14.03.2000)
पता - मकान नं.-129, शारदा नगर, पिपलिया गज्जू रोड, मण्डीदीप, जिला-रायसेन (म.प्र.)
पत्र क्रमांक/साधारण सभा/क्यू/2025/
भोपाल, दिनांक : 13.09.2025

**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 28.09.2025, दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे, संस्था कार्यालय- मकान नं.-129, शारदा नगर, पिपलिया गज्जू रोड, मण्डीदीप, जिला-रायसेन (म.प्र.) पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से सूचना पत्र प्रेषित की जा चुकी है। जिस किसी सदस्य को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुई हो, वे इसे ही सूचना पत्र मानकर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। बैठक में केवल अंशधारी सदस्य को ही भाग लेने की अनुमति होगी।

**अध्यक्ष**
**सूर्योदय गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, मंडीदीप जिला-रायसेन (म.प्र.)**

**कार्यालय शारदा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ओबेदुल्लागंज, जिला-रायसेन**

विकासखण्ड-ओबेदुल्लागंज, तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.)
(पंजीयन क्रमांक / 685, दिनांक 30.11.1999)
क्रमांक/वा. साधारण सभा/2025/
दिनांक : 13.09.2026

**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 13.09.2025, दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे, संस्था कार्यालय - शारदा नगर, हीरो होण्डा शोरूम के सामने, शारदा नगर, ओबेदुल्लागंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से सूचना पत्र प्रेषित की जा चुकी है। जिस किसी सदस्य को सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ हो, वे इसे ही सूचना पत्र मानकर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। बैठक में केवल अंशधारी सदस्यों को ही भाग लेने की अनुमति होगी।

**अध्यक्ष**
**शारदा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, ओबेदुल्लागंज, जिला-रायसेन (म.प्र)**